>

Tilte: Need to establish educational and technical institutes of high quality in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

श्री छतर सिंह दरबार (धार): मध्य प्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र धार एक पिछड़ा एवं आदिवासी क्षेत्र है । यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है । हमारे दूरदृष्टा एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना पूरे देश का सम्यक विकास करना है तथा उनकी सभी नीतियां एवं कार्यकम पंक्ति में खड़े देश के अंतिम व्यक्ति को समर्पित हैं । हमारे माननीय प्रधानमंत्री का हर क्षण देश के पिछड़े एवं कमजोर लोगों को उनकी दैनिक कठिनाइयों से छुटकारा दिलाकर एवं शोषण और दमन से मुक्त करवाने को समर्पित है ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के पिछड़े इलाकों में उच्च कोटि के शैक्षिक एवं तकनीकी संस्थान खोले जाएं तथा हमारे मेधावी युवा वहां से शिक्षा ग्रहण कर अपना जीवन सार्थक करने के साथ ही देश का नाम रोशन कर सकें ।